# B.A./B.Sc. (Part-III) Examination, 2017

**(COMMON FOR THE FACULTIES OF ARTS AND SCIENCE)**

**[Also Common with Subsidiary Paper of B.A./B.Sc. (Hons.) Part III]**

**(Three-Year Scheme of 10+2+3 Pattern)**

## MATHEMATICS -I

## (Algebra)

**Time Allowed : Three Hours** **Maximum Marks : 50 for Science**
**66 for Arts**

**किसी भी परीक्षार्थी को पूरक उत्तर-पुस्तिका नहीं दी जायेगी। अत: परीक्षार्थियों को चाहिये कि वे मुख्य उत्तर-पुस्तिका में ही समस्त प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

**किसी भी एक प्रश्न के अन्तर्गत पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के उत्तर, उत्तर-पुस्तिका में अलग-अलग स्थानों पर हल करने के बजाय एक ही स्थान पर हल करें।**

**प्रत्येक इकाई से एक प्रश्न का चयन करते हुए, कुल पाँच प्रश्नों के उत्तर दीजिये।**

**प्रश्नों के उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र पर रोल नम्बर अवश्य लिखें।**

### UNIT-I/इकाई-I

1. (a) Prove that the residue classes modulo m form a group with respect to addition of residue classes. 5,6½
सिद्ध कीजिए कि माड्यूलों m की अवशेष कक्षाएँ, अवशेष कक्षाओं के योग के सापेक्ष एक ग्रुप बनाती है।
(b) If the order of an element a of a group G is n, then prove that the order of $a^p$ is also n provided p and n are relatively prime. 5,6½
यदि किसी ग्रुप G के अवयव a की कोटि n है, तब सिद्ध कीजिए कि $a^p$ की कोटि भी n होगी यदि p तथा n सापेक्षिक अभाज्य है।

2. (a) Prove that every infinite cyclic group has two and only two generators. 5
सिद्ध कीजिए कि प्रत्येक अपरिमित चक्रीय ग्रुप के दो और केवल दो ही जनक होते हैं।
(b) State and prove the Lagrange's theorem. 1+4=5, 1½+5=6½
लेग्रेंज-प्रमेय का कथन व प्रमाण दीजिए।

### UNIT-II/इकाई-II

3. (a) Prove that every homomorphic image of : 2½+2½=5, 3½+3=6
सिद्ध कीजिए कि:
(i) an abelian group is abelian
प्रत्येक क्रमविनिमेय ग्रुप का समाकारी प्रतिबिम्ब भी क्रमविनिमेय होता है।
(ii) a cyclic group is cyclic.
प्रत्येक चक्रीय ग्रुप का समाकारी प्रतिबिम्ब भी चक्रीय होता है।
(b) Prove that a subgroup N of G is a normal subgroup of G if and only if every right coset of N in G is a left coset of N in G. 5,6½
सिद्ध कीजिए कि किसी उपग्रुप G का कोई उपग्रुप N एक विशिष्ट उपग्रुप होता है यदि और केवल यदि प्रत्येक दक्षिण सहसमुच्चय, वाम सहसमुच्चय है।

4. (a) If H is a subgroup of G and N is a normal subgroup of G, then prove that $H \cap N$ is a normal subgroup of H, where $H \cap N$ need not be normal in G. 5,6½
यदि H, उपग्रुप G का उपग्रुप है तथा N, G का विशिष्ट उपग्रुप है तब सिद्ध कीजिए कि $H \cap N$, उपग्रुप H का विशिष्ट उपग्रुप होता है, जबकि $H \cap N$ का G में विशिष्ट उपग्रुप होना आवश्यक नहीं है।
(b) State and prove the fundamental theorem of Homomorphism. 5,6½
समाकारिता की मूलभूत प्रमेय का कथन व प्रमाण दीजिए।

### UNIT-III /इकाई- III

5. (a) Prove that a finite commutative ring without zero divisor is a field.
सिद्ध कीजिए कि शून्य के भाजकों से रहित परिमित क्रमविनिमेय वलय एक क्षेत्र होता है। 5,6½
(b) For a ring R in which $a^2 = a, \ \forall a \in R$, prove that : 5,6½
उस वलय R के लिए जिसके लिए $a^2 = a, \ \forall a \in R$ हो, सिद्ध कीजिए कि:
(i) $a + a = 0, \ \forall a \in R$
(ii) $a + b = 0 \Rightarrow a = b$
(iii) R is a commutative ring (R एक क्रमविनिमेय वलय है)

6. (a) Prove that the set $S = \left\{ a + 2^{\frac{1}{3}} b + 4^{\frac{1}{3}} c : a, b, c \in Q \right\}$ is a sub field of R. 5,6½
सिद्ध कीजिए कि समुच्चय $S = \left\{ a + 2^{\frac{1}{3}} b + 4^{\frac{1}{3}} c : a, b, c \in Q \right\}$, R का एक उपक्षेत्र है।
(b) Prove that every ring can be embedded in a ring with unity. 5,6½
सिद्ध कीजिए कि किसी भी वलय का एक इकाई सहित वलय में अंतस्थापन किया जा सकता है।

### UNIT-IV/इकाई-IV

7. (a) Let $I_1$ and $I_2$ be two ideals of a ring R, then prove that $I_1 + I_2 = \{a_1 + a_2 : a_1 \in I_1, a_2 \in I_2\}$ is an ideal of R containing both $I_1$ and $I_2$. 5,6½
यदि $I_1$ तथा $I_2$ किसी वलय R की दो गुणजावलियाँ हों, तब सिद्ध कीजिए कि $I_1 + I_2 = \{a_1 + a_2 : a_1 \in I_1, a_2 \in I_2\}$ भी R की एक गुणजावली होगी जिसमें $I_1$ तथा $I_2$ दोनों अन्तर्विष्ट है।

(b) Prove that an ideal I of a commutative ring R with unit is maximal if and only if the quotient ring $\frac{R}{I}$ is a field. 5,6½

सिद्ध कीजिए कि तत्समकी क्रमविनिमेय वलय R की कोई गुणजावली I एक उचिष्ठ गुणजावली है यदि और केवल यदि विभाग वलय $\frac{R}{I}$ एक क्षेत्र है।

8. (a) Prove that the union of two subspaces $W_1$ and $W_2$ of a vector space V is a subspace if and only if either $W_1 \subset W_2$ or $W_2 \subset W_1$.

सिद्ध कीजिए कि किसी सदिश समष्टि V के दो उपसमष्टियों $W_1$ तथा $W_2$ का संघ एक उपसमष्टि होता है यदि और केवल यदि $W_1 \subset W_2$ या $W_2 \subset W_1$

(b) Let S be the set of all solutions $(x, y, z)$ satisfying the simultaneous equations $ax + by + c = 0$ and $dx + ey + fz = 0$ where $a, b, c, d, e, f \in R$, then prove that S is a subspace of $R^3(R)$.

माना कि युगपत समीकरण $ax + by + c = 0$ तथा $dx + ey + fz = 0$ के सभी हलों $(x, y, z)$ का समुच्चय S हैं, जहाँ $a, b, c, d, e, f \in R$ तब सिद्ध कीजिए कि S, सदिश समष्टि $R^3(R)$ की उपसमष्टि है।

## UNIT-V/इकाई-V

9. (a) If S and T are subspaces of the vector space V(F), then prove that :

(i) S + T is a subspace of V(F)

(ii) $L(S \cup T) = S + T$ 5,7

यदि S तथा T किसी सदिश समष्टि V(F) की उपसमष्टियाँ है तब सिद्ध कीजिए कि:

(i) S + T, V(F) की उपसमष्टि है।

(ii) $L(S \cup T) = S + T$

(b) Prove that every finite dimensional vector space has a basis. 5, 7

सिद्ध कीजिए कि प्रत्येक परिमित विमा वाले सदिश समष्टि का एक आधार होता है।

10. (a) Prove that, if $\{\alpha, \beta, \gamma\}$ is a basis for vector space $V_3(R)$, then $\{\alpha + \beta, \beta + \gamma, \gamma + \alpha)$ is also a basis of $V_3(R)$.

सिद्ध कीजिए कि यदि $\{\alpha, \beta, \gamma\}$, सदिश समष्टि $V_3(R)$ का आधार है तब $\{\alpha + \beta, \beta + \gamma, \gamma + \alpha)$ भी $V_3(R)$ का आधार है।

(b) If S and T are finite dimensional subspaces of a vector space V(F), then prove that $\dim S + \dim T = \dim(S + T) + \dim(S \cap T)$

यदि S तथा T किसी सदिश समष्टि V(F) की परिमित विमीय उपसमष्टियाँ हों तब सिद्ध कीजिए कि विमा S + विमा T = विमा (S + T) + विमा $(S \cap T)$